

# डीजे बजाने के नए चलन से हॉस्पिटल रोड पर हर रोज जाम

## शोर-गुल से मरीजों को परेशानी, मार्ग बाधित होने से रुक रहा एंबुलेंस का रास्ता

नवभारत न्यूज

**सतना 3 फरवरी. संतान प्राप्ति पर उत्सव मनाना लाजिमी है, लेकिन हास्पिटल रोड जैसे व्यस्ततम मार्ग पर यही उत्सव दूसरों की परेशानी का कारण बनता नजर आने लगा है. दरअसल पिछले कुछ दिनों से शहर में नया चलन यह शुरु हुआ है.**

चिकित्सालय में जन्म लेने के बाद नवजात को वापस घर ले जाने के दौरान डीजे वाहन को भी साथ ले जाया जाता है. जिसके चलते एक ओर जहां जिला चिकित्सालय जैसे शांत क्षेत्र में डीजे की कान-फोडू आवाज मरीजों को विचलित करती है. वहीं दूसरी ओर मार्ग पर जाम लगने के कारण आपात स्थिति में आ-जा रही एंबुलेंस का रास्ता भी रुक जाता है.संतान के जन्म लेने के बाद उसे वापस घर ले जाने के दौरान सजे हुए वाहन के साथ गाजा-बाजा और डीजे के उपयोग का नया चलन शहर में अब तक कुछ निजी अस्पतालों के बाहर ही देखने को मिलता था. लेकिन पिछले 6 महीने से यह चलन जिला चिकित्सालय में भी शुरु हो गया है. चिकित्सालय में जन्म लेने के नवजात को फूल या गुब्बारों से सजे हुए वाहन और डीजे वाहन के साथ वापस घर की ओर ले जाया जाता है. हलांकि इस तरह फूल-गुब्बारों से सजे वाहन और डीजे वाहन अस्पताल परिसर के अंदर प्रवेश नहीं करते. लेकिन मुख्य गेट के




सामने सड़क किनारे घंटों खड़े रहने के कारण वहां की यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होती नजर आती है. जिसका नतीजा यह होता है कि गंभीर मरीजों को अस्पताल के अंदर ला रही एंबुलेंस अथवा रेफर गंभीर मरीज को बाहर ले जा रही एंबुलेंस वहां पर लगे जाम में बुरी तरह से फंस कर रह जाती हैं.इतना ही नहीं बल्कि अस्पताल की ओर जाने वाले मरीज-परिजन, आटो, दोपहिया वाहन सहित अस्पताल का स्टॉफ सभी के लिए समस्या खड़ी हो जाती है. इसके अलावा अस्पताल के बाहर जोर-जोर से डीजे बजने के कारण वहां पर मौजूद मरीजों की परेशानी कई गुना अधिक बढ़ जाती है. समस्या परिसर से बाहर की होने के कारण अस्पताल प्रशासन को इससे पल्ला झाड़ने में जरा सी भी देर नहीं लगती.

### आधी सड़क पर अतिक्रमण

जिला चिकित्सालय के दोनों मुख्य गेट के बीच सड़क किनारे अघोषित पार्किंग बन चुकी है. जहां पर दो-चार पहिया वाहन एक लाइन में खड़े रहते हैं. वहीं सड़क के दूसरी ओर लगने वाले ठेले भी धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए मार्ग का आधा स्थान घेर चुके हैं. रही सही कसर ई रिक्शा, आटो और कुछ निजी वाहनों ने पूरी कर दी है. आलम यह है कि हास्पिटल रोड पर लगभग 60 फीसदी से अधिक हिस्से पर अतिक्रमण पसरा हुआ है. लिहाजा उक्त मार्ग पर आमजन, एंबुलेंस अथवा अन्य वाहनों के निकलने के लिए महज एक संकरी गलीनुमा रास्ता ही बचा रहता है. नतीजतन अतिक्रमण और अव्यवस्था के मिले-जुले गठजोड़ ने उक्त मार्ग दुर्गति करने में कोई कसर नहीं रख छोड़ी है.



# संकुल प्राचार्य कर रहे वीडियो की जांच

## शिक्षक के नशे में धुत्त पड़े होने का मामला

नवभारत न्यूज

**सतना 3 फरवरी. जिले में कुछ शिक्षकों के नशे में धुत्त होकर विद्यालय पहुंचने और अशोभनीय हरकत करने के चलते एक ओर जहां विपरीत असर पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर इससे देश की नई पीढ़ी के सामने गुरु की छवि भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है. इसी कड़ी में नशे में धुत्त होकर विद्यालय के सामने पड़े रहने से संबंधित एक शिक्षक का वीडियो वाइरल हो गया. जिसकी जांच संकुल प्राचार्य द्वारा की जा रही है.**

मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो बड़ी तेजी से वाइरल होने लगा. जिसमें एक शिक्षक अपने ही विद्यालय के बाहर नशे में धुत्त पड़े नजर आ रहे हैं. मामला मैहर जिले के नादन क्षेत्र अंतर्गत करौंदीकॉप के टिकुरिया टोला में स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय का बताया गया. वहीं नशे में धुत्त होकर पड़े व्यक्ति की पहचान धर्मेंद्र पाण्डेय के तौर पर हुई. धर्मेंद्र करौंदी काप नादन हरिजन बस्ती में स्थित विद्यालय में पदस्थ शिक्षक बताए गए. सोशल मीडिया में वाइरल वीडियो सुर्खियां बटारते हुए जिला शिक्षा अधिकारी तक भी पहुंच गया. लिहाजा मामले की जांच कर प्रतिवेदन मांगने में देर न लगी. जिला शिक्षा अधिकारी गिरीश अग्निहोत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राथमिक विद्यालय करौंदी काप के शिक्षक धर्मेंद्र पाण्डेय के वाइरल वीडियो की जांच संकुल प्राचार्य द्वारा कराई जा रही है. जांच प्रतिवेदन में प्राप्त तथ्य के अनुसार दोषी पाए जाने पर शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी.

# एटीएम काटकर चोरी का फरार इनामी गिरफ्तार

## पिछले 8 महीने से पुलिस को दे रहा था चकमा

नवभारत न्यूज

**सतना 3 फरवरी. मैहर जिले के अमरपाटन क्षेत्र में स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम को काटकर चोरी करने की कोशिश में नाकाम रहे दो आरोपियों को जहां पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया था. वहीं तीसरा फरार आरोपी लगातार चकमा देता आ रहा था. फरार तीसरे और 5 हजार के ईनामी आरोपी तक पहुंचने में पुलिस को 8 महीने से अधिक का समय लग गया.**

अमरपाटन थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते से प्राप्त जानकारी के अनुसार एचडीएफसी बैंक के प्रबंधक मनोज सिंह द्वारा 13 मई को शिकायत की गई थी. जिसके अनुसार बैंक के एटीएम के अंदर एक झोला रखा मिला था. जिसमें कटर हथौड़ी और पाना जैसे



औजार रखे हुए थे. जांच करने पर यह जानकारी सामने आई कि एटीएम में चोरी करने के इरादे से कुछ बदमाश छिपे हुए थे. जो आम लोगों की आहट पाने के बाद वहां से भाग निकले. सीसीटीवी फुटेज में एटीएम के अंदर 3 व्यक्ति दिखाई दिए थे. लिहाजा पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए सीसीटीवी फुटेज के जरिए अ रोपियों की पहचान की और उनकी तलाश शुरु कर दी. लिहाज कुछ दिनों में ही आरोपी जितेंद्र पटेल 24 वर्ष और राजेंद्र पटेल 24 वर्ष दोनों निवासी खरमसेड़ा को गिरफ्तार करते हुए सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया.

### 5 हजार का ईनामी

मामले में 2 आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद 26 वर्षीय खरमसेड़ा निवासी तीसरा आरोपी रजनीश पटेल घटना के बाद से ही फरार हो गया था. हलांकि पुलिस दवारा उसकी तलाश की गई लेकिन वह चकमा देते हुए बचता रहा. जिसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक मैहर द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हजार रु का ईनाम घोषित कर दिया गया था. इसी कड़ी में मिली सटीम सूचना पर पुलिस ने रजनीश पटेल को मंगलवार को गिरफ्तार करते हुए सलाखों के पीछे पहुंचा दिया.

# अपने घरों में सुरक्षित मिले वेद विद्यालय से गायब हुए तीनों छात्र

- मैहर में 3 छात्र गुमने से मच गया था हड़कंप, विद्यालय प्रबंधन ने थाने में दर्ज कराई थी गुमशुदगी

नवभारत न्यूज

**सतना, 3 फरवरी. मैहर देवी जी स्थित वेद विद्यालय में उस वक्त हड़कंप मच गया जब रात्रि भोजन के वक्त तीन छात्र अनुपस्थित मिले.**

शुरुआत में इसे सामान्य अनुपस्थिति समझा गया, लेकिन जब देर रात तक छात्रों का कोई पता नहीं चला, तो उनके लापता होने की खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई. गनीमत रही कि मंगलवार को तीनों छात्र अपने आने घरों में सुरक्षित पाए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीनों छात्र दोपहर तक विद्यालय में सामान्य रूप से मौजूद थे. इसके बाद वे अचानक विद्यालय परिसर से लापता हो गए. किसी शिक्षक या छात्र को उनके बाहर जाने की स्पष्ट जानकारी नहीं है, जिससे मामला और भी रहस्यमय हो गया है. कम उम्र होने के कारण विद्यालय प्रबंधन और प्रशासन के साथ-साथ परिजन भी चिंतित हो गए. जब देर रात तक छात्रों का कोई सुराग नहीं मिला तब विद्यालय प्रबंधन ने मैहर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होते ही तत्काल जांच शुरू कर दी और संभावित स्थानों पर खोज अभियान तेज कर दिया. पुलिस-प्रशासन की तरफ से छात्रों को ढूंढने का कार्य शुरू कर दिया गया है. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों, बाजार, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और मंदिर क्षेत्र में पूछताछ शुरू की है. साथ ही विद्यालय के आस- पास लगे सीसीटीवी कैमरों और छात्रों के संपर्कों की भी जानकारी जुटाई जा रही है.

### इनका कहना है

मैहर जिले के वेद विद्यालय में पढ़ रहे तीनों बच्चे अपने अपने घर में सुरक्षित पाए गए हैं।कल सोमवार की रात वेद विद्यालय मैहर से बाउंड्री फांद कर 3 बच्चे गायब हो गए थे।स्थानीय प्रशासन द्वारा भागे हुए तीनों बच्चों के अभिभावक और रिश्तेदारों के यहां पतासाजी की गई। जिसमें कुशे ? मैहर ,खुटहा,और जबलपुर के एक एक बच्चे को उनके परिवार के पास सुरक्षित ढूंढ निकाला गया है।

**दिव्या पटेल**
एस डी एम मैहर

# जिले में हाई स्कूल, हायर सेकण्डरी परीक्षा के लिए बनाए गए 58 परीक्षा केन्द्र

- कलेक्टर सतना ने ली केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष की बैठक

नवभारत न्यूज

**सतना 03 फ़रवरी. माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा संचालित हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी की परीक्षायें 10 फ़रवरी से 7 मार्च तक आयोजित की जा रही है।**

सतना जिले में कुल 58 परीक्षा केन्द्र बनाये जाकर इनमें केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष और कलेक्टर प्रतिनिधियों की



नियुक्ति की जा चुकी है। हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षा की तैयारियों और परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्थाओं के संबंध में मंगलवार को सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सतना जिले में सफ्ल और सुचितापूर्ण परीक्षाओं के शांतिपूर्ण संचालन की परंपरा रही है। इस परंपरा को कायम रखते हुए पूर्ण सतर्कता और गंभीरता के साथ शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षाओं का संचालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र में किसी भी अव्यवस्थाओं के लिए केन्द्राध्यक्ष और सहायक केन्द्राध्यक्ष को उत्तरदायी ठहराया जायेगा। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने कहा कि परीक्षा केन्द्रों में प्रकाश, बैठने की व्यवस्था, कमरे, फर्नीचर, प्रसाधन, समुचित पेयजल, प्राथमिक उपचार इत्यादि की सुनिश्चित व्यवस्था पूर्ण कर ले।

आगामी दो दिन में सभी केन्द्राध्यक्ष और सहायक केन्द्राध्यक्ष अपने आवंटित परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थायें देख लें और जो भी कमियां हो बीईओ के समन्वय से उनकी पूर्ति कराये। सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी केन्द्राध्यक्ष और सहायक केन्द्राध्यक्ष ने पूर्व में भी शांतिपूर्ण तरीके से बोर्ड की परीक्षायें संपन्न कराई है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश के दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में सभी व्यवस्थायें परिपूर्ण करें और निर्धारित समय पर गतिविधियों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, एडिशनल एसपी शिवेश सिंह, सहायक संचालक सुधांशु शुक्ला सहित बीईओ, केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष और कलेक्टर प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ननि की जन सुनवाई में पहुंचीं 21 शिकायतें

नवभारत न्यूज

**सतना, 3 फरवरी. राज्य शासन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम सतना में मंगलवार को जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजेश चतुर्वेदी अध्यक्ष नगर पालिक निगम, एस. के. सिंह अधीक्षण यंत्री एवं अरविन्द्र प्रताप सिंह स्वास्थ्य अधिकारी नगर पालिक निगम उपस्थित रहे।**

जन-सुनवाई में 21 आवेदन प्राप्त हुए। विभागवार जानकारी के



अनुसार जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 05 आवेदन, पेयजल से संबंधित 03 आवेदन, सड़क प्रकाश व्यवस्था से संबधित 01 आवेदन, अतिक्रमण शाखा से संबंधित 02 आवेदन, साफ-सफाई से संबंधित 01 आवेदन, विकास कार्य से संबंधित 03 आवेदन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के 06 आवेदन प्राप्त हुए।

# न्यायाधीश ने किया केंद्रीय जेल का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सतना, 3 फरवरी. केन्द्रीय जेल सतना में मंगलवार को पार्थशंकर मिश्रा वरिष्ठ न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना, और मुहम्मद जीलानी विधिक सहायता अधिकारी सतना द्वारा भ्रमण / निरीक्षण किया गया।**

न्यायाधीश द्वारा जेल के अस्पताल का भ्रमण / निरीक्षण किया गया। वरिष्ठ न्यायाधीश द्वारा जेल की व्यवस्थाओं पर संतोष




व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा, जेल उप अधीक्षक सोनबीर सिंह कुशवाह, कल्याण अधिकारी अनिरूद्ध कुमार तिवारी, सहायक जेल अधीक्षक अभिमन्यु पाण्डेय, अष्टकोण अधिकारी फिरोजा, सहायक जेल अधीक्षक अनिल प्रताप सिंह एवं जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।



# नर्मदा डेयरी में एकेएस के15छात्रों का चयन

नवभारत न्यूज

**सतना, 3 फरवरी. ए के एस यूनिवर्सिटी ने रोजगारोन्मुख शिक्षा और सशक्त प्रशिक्षण के क्षेत्र में एक और उपलब्धि दर्ज की है। विश्वविद्यालय के सत्र 2026 में उत्तीर्ण होने वाले 15 विद्यार्थियों का चयन नर्मदा डेयरी ( नर्मदा समूह ) में विभिन्न तकनीकी एवं पर्यवेक्षकीय पदों पर हुआ है।**

तकनीकी अधिकारी/शिफ्ट प्रभारी पद के लिए शुभम चतुर्वेदी एवं निलेश गुप्ता का चयन किया गया है। बीएमसी रसायनज्ञ पद पर अतुल आम्रते, विकास सिंह, मिथिलेश कुमार, धनंजय सिंह, आशीष कुमार विश्वकर्मा, प्रशांत चंद्रवंशी एवं रवि कांत चयनित हुए हैं। वहीं क्षेत्र पर्यवेक्षक पद के लिए धनिराम प्रजापति, निहाल देशमुख, चैतन्य रजक, शिवा पाठक, प्रेम साईं चडकोकार एवं अमन दरवई का चयन हुआ है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर अनंत कुमार सोनी ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ए के एस यूनिवर्सिटी राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद से मान्यता प्राप्त है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा विश्वविद्यालय को मध्य भारत का श्रेष्ठ प्लेसमेंट विश्वविद्यालय घोषित किया जा चुका है। साथ ही प्रतिष्ठित आउटलुक सर्वेक्षण में भी विश्वविद्यालय को उत्कृष्ट स्थान प्राप्त हुआ है। प्रो-चांसलर अनंत कुमार सोनी ने कहा कि विश्वविद्यालय का विधि संकाय भारतीय विधि परिषद, फार्मेसी संकाय भारतीय फार्मेसी परिषद से मान्यता प्राप्त है, जबकि कृषि संकाय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से मान्यता मिली हुई है। इसके अतिरिक्त ए के एस यूनिवर्सिटी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है।

# सतना गहोई महिला मंडल ने मनाया बसंत उत्सव



नवभारत न्यूज

**सतना, 3 फरवरी. गहोई महिला मंडल द्वारा बसंत उत्सव कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया।**

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से की गई, जिसके माध्यम से बसंत ऋतु का स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने विविध सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया। कविता, गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजी संध्या बसंत उत्सव के दौरान महिलाओं द्वारा बसंत ऋतु पर आधारित कविता पाठ और गायन प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित जनों ने खूब सराहा।

## इटारसी एक्सप्रेस के चुनार तक विस्तारित फेरे निरस्त

**सतना, 3 फरवरी.** प्रयागराज माघ मेला 2026 के दौरान यात्री आवागमन में अपेक्षाकृत कमी को दृष्टिगत रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा एवं परिचालन आवश्यकता के अनुसार इटारसी-प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस के चुनार जंक्शन तक विस्तारित किए गए कुछ फेरों को आंशिक रूप से निरस्त किया गया है। गाड़ी संख्या 11273 इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस ट्रेन प्रयागराज छिवकी-चुनार के बीच 2 से 16 फरवरी तक आंशिक निरस्त रहेगी।

# विद्यार्थी परिषद ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर स्वशासी में किया आंदोलन

नवभारत न्यूज

**सतना, 3 फरवरी. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, सतना इकाई द्वारा क्रू एक्सीलेंस कॉलेज, सतना में विद्यार्थियों की विभिन्न शैक्षणिक एवं मूलभूत समस्याओं को लेकर 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार आंदोलन एवं प्रदर्शन किया गया।**

इस अवसर पर परिषद के कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखीं। परिषद का कहना है कि बार-बार ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराने के बावजूद विद्यार्थियों की समस्याओं का



समाधान नहीं किया जा रहा, जिससे शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शन के दौरान परिषद के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही 11 सूत्रीय मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी। इस आंदोलन में सतना के विभाग संयोजक रचित त्रिपाठी,जिला संयोजक हिमांशु सिंह, अरमान सिंह,अभय मिश्रा,ऋषभ जायसवाल, देवांशू सेन, विकाश द्विवेदी, अधिराज,अभिषेक तिवारी,स्वाती सोलंकी, अभिषेक मिश्रा, अनुराग, अखंड,अमर ,लक्ष्मी तिवारी, एवं सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे और शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन संपन्न हुआ।

## एक नजर में



### सांस्कृतिक एवं साहित्यिक पुरस्कार समारोह का आयोजन

**सतना.** एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में दिनांक 31 जनवरी को सांस्कृतिक एवं साहित्यिक पुरस्कार समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रछात्राओं ने साल भर में आयोजित सभी सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. लक्ष्मी मोहनानी रिजवानी जी ( कंसल्टेंट फिजिशियन, गैस्ट्रो एवं लिवर स्पेशलिस्ट, बिरला, सतना) उपस्थित रहीं।



### नेकी फाउंडेशन की महा आरती

**सतना.** महा आरती पुरानी कचहरी दक्षिण मुखी हनुमान जी के मंदिर में मंगलवार को विंध्य चैंबर ऑफ़ कॉमर्स से पधारी हुई टीम में चेंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा दीपक अग्रवाल हरिओम गुप्ता महिला शक्ति में विशेष रूप से आमंत्रित श्रीमती सुष्मिता सिंह परिहार उपाध्यक्ष जिला पंचायत वरिष्ठ कार्यकर्ता श्रीमती वर्षा सिंह खजूरी टोला सभी ने दीप प्रजलन कर मधुर वाणी में आरती का पूर्ण आनंद पंडित श्री ओमकार प्यासी के द्वारा भाव विभोर किया.

### लायंस गवर्नर अप्रिशिएशन मेडल से पवन सम्मानित

**सतना.** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रीक्ट 3233 सी ( मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़) की तृतीय कैबिनेट बैठक 'उत्कृष्ट' पावन नगरी अमरकंटक में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण आयोजन में द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मलिक को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्यों एवं संगठनात्मक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन विजय अग्रवाल ( कोरबा) द्वारा लायन पवन मलिक को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अप्रिशिएशन मेडल प्रदान किया गया।



### गोविंद भोपाल चेंबर के अध्यक्ष बने

**सतना,** । मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा के पूर्व अध्यक्ष उद्योगपति एवं समाजसेवी गोविंद गोयल भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव में 2 जनवरी सोमवार को भारी मतों से अध्यक्ष पद मे निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी तेजपाल सिंह पाली को 191 मतो से पराजित महत्वपूर्ण जीत हासिल की है।

